**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 164 /09/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/08-परीक्षा/2026**

लखनऊ : दिनांक : 28 जुलाई, 2026

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2026, आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/09 के अंतर्गत कार्यालय आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन आबकारी सिपाही के कुल रिक्त 722 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि 04.06.2026 तथा आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 24.06.2026 थी। तदुपरांत आयोग के शुद्धि-पत्र दिनांक 23.06.2026 द्वारा पूर्व में विज्ञापित 722 पदों के अतिरिक्त 98 पदों को भी प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत सम्मिलित किया गया था। इस प्रकार प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत संशोधित कुल 820 पदों (682 पद सामान्य चयन व 138 पद विशेष चयन) के सापेक्ष चयन संबंधी कार्यवाही की जानी है।

सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित कार्यालय आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन आबकारी सिपाही पद पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (Preliminary Eligibility Test-PET-2025) में वास्तविक स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड स्कोर में शून्य या उससे कम / नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पृथक करते हुए प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या-ए-68706 /2015, ललित कुमार प्रति उत्तर प्रदेश राज्य तथा अन्य में मा० उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में आबकारी सिपाही के कुल रिक्त 820 पदों के सापेक्ष मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट 32891 अभ्यर्थियों के परिणाम एवं कट-आफ अंक को मा0 आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है। तदनुसार लम्बवत आरक्षण के अंतर्गत अनारक्षित श्रेणी, अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी हेतु कट-आफ 69.13 अंक तथा अनुसूचित जाति श्रेणी हेतु कट-आफ 66.80 अंक व अनुसूचित जनजाति श्रेणी हेतु कट-आफ 52.86 अंक निर्धारित हुआ है एवं क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत निर्धारित कट-आफ अंक निम्नवत है-

| क्र0सं0 | क्षैतिज श्रेणी | कट–ऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | 54.28 |
| 2 | दिव्यांगजन | पद विज्ञापित नहीं हैं। |
| 3 | सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | 43.10 |
| 4 | महिला | 69.03 |
| 5 | उत्कृष्ट खिलाडियों हेतु | 50.56 |

उक्त के क्रम में विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2026, आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/09 के सापेक्ष आनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (Preliminary Eligibility Test-PET-2025) के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट हो रहे कुल 32891 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

28/07/2026
(परीक्षा नियंत्रक)
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।